तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अब उद्यानिकी विभाग भी करेगा वाटर शेड निर्माण का काम



## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव में उद्योग मंत्री लखनलाल होंगे मुख्य अतिथि



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन घंटाघर ओपन आडिटोरियम परिसर में 2 से 4 नवंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे। राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में 2 नवंबर को शाम 7 बजे से जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी, 3 नवंबर को लोक गायिक श्रीमती अलका चंद्राकर अपनी प्रस्तुति देंगी। 4 नवंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें अरूण जैमिनी, हास्य कवि चिराग जैन, कवि शशिकांत यादव, श्रद्धा शौर्य, देवेन्द्र परिहार, हीरामणी वैष्णव शामिल होंगे। तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कलाकारों द्वारा देशभक्ति छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन कल

**कटघोरा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कटघोरा नगर में भी इस अवसर पर एकता दौड़ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है और नगर के सभी स्कूलों, छात्रावासों तथा विभिन्न विभागों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन कटघोरा से किया जाएगा। प्रतिभागी यहां से दौड़ की शुरुआत करेंगे, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कटघोरा थाना परिसर में पहुंचेगी। यहीं पर कार्यक्रम का समापन होगा और एक मंचीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तन्मय खन्ना, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर, तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और एकता के इस उत्सव को सफल बनाएं।

### कल मनाई जाएगी इंदिरा की पुण्यतिथि, सरदार पटेल की जयंती





**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी स्मारक स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय नत्थूलाल यादव एवं मनोज चौहान ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम के पश्चात प्रातः 10.30 बजे स्टेडियम के सामने तुलसी नगर चौक के पास स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति संस्थान में भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का 150वीं जयंती कार्यक्रम मनाया जावेगा। श्री यादव एवं श्री चौहान ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस, वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी, पार्षद, पूर्व पार्षद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, पार्षद प्रत्याशी सहित समस्त कांग्रेस जनों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

# आरईएस से नहीं मिली शिक्षा विभाग को निर्माण कार्यों की एमबी बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शिक्षा विभाग को आरईएस से नवाजतन योजना अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्य की एमबी बुक नहीं मिलने के कारण ठेकेदारों की 20 प्रतिशत राशि का भुगतान अटका हुआ है। जिले में तीन चरणों में जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार का कार्य शिक्षा विभाग की सूची पर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग ने किया था।

नवाजतन योजना के तहत स्कूलों का जीर्णोद्धार का कार्य तीन चरणों में किया गया था और लगभग 6 सौ स्कूल ऐसे थे जिनका जीर्णोद्धार इस योजना अंतर्गत किया गया। इसके लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग (आरईएस) को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। आरईएस ने ठेकेदार के माध्यम से जीर्णोद्धार का कार्य शुरु कराया जैसे जैसे जीर्णोद्धार के कार्य होते गए आरईएस ने उक्त कार्यों की एमबी बुक शिक्षा विभाग में जमा कराता गया और उस आधार पर शिक्षा विभाग ने शासन को पत्र लिखकर योजना की राशि मंगाकर ठेकादारों को भुगतान किया। शिक्षा विभाग की मानें तो 80 प्रतिशत भुगतान हो चुका है। 20 प्रतिशत का भुगतान सिर्फ इसलिए अटका है कि आरईएस से एमबी बुक शिक्षा विभाग में जमा नहीं कराया गया है। विभाग का कहना है कि पूर्व में जितने कार्य हुए उस आधार पर एमबी बुक जमा हुई और भुगतान किया गया। किंतु बाद के कार्य जिनका 20 प्रतिशत का कार्य रुका है उनका एमबी बुक मंगाया गया है।

## ठेकेदारों का 20 प्रतिशत भुगतान अभी भी है अटका

**खास बातें**

- नवाजतन योजना से स्कूलों के हुए थे जीर्णोद्धार के कार्य
- शिक्षा विभाग ने पीएचई को लिखा पत्र



**एमबी बुक नहीं हुई जमा**

नवाजतन योजना अंतर्गत तीन चरणों में स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य किया गया था। आरईएस निर्माण एजेंसी थी। 80 प्रतिशत भुगतान ठेकेदारों को हो चुका है, 20 प्रतिशत भुगतान इसलिए रुका है कि एमबी बुक अभी जमा नहीं हुई है। एमबी बुक जमा होने के बाद शेष राशि शासन से मंगाना पड़ता है और उसके बाद भुगतान किया जाता है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

## पहली बार रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से हो रही है नीलामी

# ई-नीलामी से जिले के दो रेतघाट की पहले चरण में लगेगी बोली



रेतघाट ।



ठेकेदारों को ई-ऑक्शन की जानकारी देते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार खनिज साधन विभाग अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए पहले चरण में जिले के दो रेत घाट को ऑनलाइन नीलामी के लिए शामिल किया गया है जिसके लिए खनिज विभाग ने प्रक्रिया शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि पहली बार प्रदेश में गौण खनिज साधारण रेत नियम 2025 नई नीति से ई नीलामी के जरिये रेत खदानों का आबंटन किया जाना है। इसके लिए खनिज विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से पहले चरण में ग्राम तरईमार तहसील करतला, ग्राम सिर्री तहसील पसान में उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है जिसके लिए इच्छुक बोलीदार इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन में भाग ले सकते हैं जिसमें बोली प्रारंभ करने की आरंभिक तिथि 7 नवंबर सुबह 10 बजे से 13 नवंबर की शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। पहले चरण को संपन्न कराने के बाद विभाग आने वाले दिनों में लगभग आधा दर्जन और रेत घाटों की रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से नीलामी करेगी इसके लिए भी विभाग ने अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है।

### सोमवार से खुलेंगी 18 रेत खदान

एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार बारिश के सीजन में 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए जिले के सभी रेत खदान बंद किए जाते हैं। प्रतिबंध अवधि के बाद 16 अक्टूबर से रेत नीति-2023 के तहत स्वीकृत 18 रेत खदान को खोला जाना था लेकिन इस वर्ष अब तक तकनीकी खामी व नदी नालों में पानी भराव होने की वजह से कोई भी खदान चालू नहीं हो पाया है। खनिज विभाग के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि जिले के 18 रेत खदान संभवतः आने वाले सोमवार से शुरु होगा इसके लिए विभाग ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। जिसमें शहरी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा संचालित चारपारा रेत खदान, भिलाईखुर्द रेत खदान समेत ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा संचालित कुदुरमाल, तरदा, भैसामुड़ा, गितारी, मोहरा, झींका, बगदर, चिचोली, जोगीपाली, कुदमुरा, चुईया, घमोटा, दुल्लापुर, सिर्री, बर्रा व धवईपुर खदान शामिल है। रेत नीति-2019 के तहत खुले दो रेत खदान जिल्गा व शहर के गेरवाघाट बंद रहेंगे।

### 60 ठेकेदार प्रशिक्षण में हुए शामिल

खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोली कर्ताओं का पंजीयन बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोली कर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना है। गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए जिले के ठेकेदारों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रशिक्षण में लगभग 60 से अधिक ठेकेदार शामिल हुए हैं। जहां उन्हें नए नियम से अवगत कराया गया। साथ ही वे किस तरह नीलामी में भाग ले सकते हैं और किन किन दस्तावेजों के माध्यम से वे नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं यह भी बताया गया।

### रेत नई नीति से होगी सस्ती

नई नीति के अनुसार रेत खदान के आवंटन पर पारदर्शिता के लिए रिवर्स ऑक्शन से ई-नीलामी की जाएगी। इसके लिए पहले चरण में दो खदानों को शामिल किया गया है। रेत खदानों के लिए पूर्व में ठेकेदार अपने लोगों से थोक में आवेदन कराते थे जिससे ज्यादातर खदान उनके ही शार्गिदों को मिल जाया करता था लेकिन इस बार छत्तीसगढ़ के मूल निवासी ही बोली में शामिल हो सकेंगे। संयुक्त फर्म या संस्था होने की स्थिति में तीन चौथाई सदस्य प्रदेश के मूल निवासी होंगे। नई नीति से जारी होने वाले खदानों के शुरु हो जाने के बाद रेत आम जनता को आसानी से मुहैय्या हो सकेगी।

**दो रेत खदान की होगी नीलामी**

छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के तहत रेत खदानों का रिवर्स ऑक्सन में ई-नीलामी कर खनन पट्टा आवंटन किया जाएगा। पहले चरण में जिले के दो खदानों को शामिल किया गया है जिसमें 7 नवंबर की सुबह 10 बजे से बोली प्रारंभ होगी अंतिम तिथि 13 नवंबर की शाम 5 बजे तक होगी।

-प्रमोद कुमार नायक
उप संचालक खनिज विभाग कोरबा

# 10 लाख रुपए से भरा थैला लूटकर फरार हुआ युवक, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक जमीन खरीदने के लिए अपने दोस्त के साथ कटघोरा क्षेत्र मे पहुंचा था जहां 4 युवकों ने बलपूर्वक थैले में रखे 10 लाख रुपए को छीनकर मोटर सायकल में फरार हो गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने लूटपाट करने वाले युवक व उसके साथियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- जमीन खरीदने के लिए प्रार्थी पहुंचा था कटघोरा
- पूर्व परिचित युवक ने अपने साथियों के साथ घटना को दिया अंजाम

बिलासपुर रतनपुर निवासी किर्ती कुमार सोनी उम्र 55 वर्ष पिता स्व० मथुरा प्रसाद सोनी ने कटघोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लगभग 3 महीने पहले से ओडगी जूनापारा के रहने वाले हीरालाल से गुरसिया बंजारी पास जमीन खरीदी के सबंध में लगातार बातचीत हो रही थी, दो तीन बार मुलाकात हुई थी और उसके फोन नंबर पर भी बात होती रहती थी और 28 अक्टूबर की सुबह हीरालाल द्वारा जमीन का एग्रीमेंट कराने 10 लाख रूपये लेकर गुरसिया बंजारी के पास आने के लिए बोला था तब कीर्ति कुमार सोनी दोपहर 2 बजे अपने मित्र मनोज पाटले के साथ रतनपुर से जमीन खरीदी करने के लिए 10 लाख रूपये लेकर गुरसिंया बंजारी की ओर आये थे, कि शाम लगभग 5 बजे हीरालाल के बताये स्थान पर गये जहाँ हीरालाल अपने 4 अन्य साथियों के साथ खडा था जहां कीर्ति कुमार सोनी को देखकर पैसा लाये हो कहकर पूछने पर कीर्ति कुमार ने बताया कि उसके द्वारा 10 लाख रूपये लाने की जानकारी दी। इसी दौरान हीरालाल ने अपने साथियों के साथ अचानक बलपूर्वक कीर्ति कुमार के हाथ में रखे थैला जिसमें 10 लाख रूपये था को छीनकर मोटर सायकल से भाग गए। कीर्ति कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने हीरालाल व उसके साथियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

## दहेज प्रताड़ना, ससुरालियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र अंतर्गत पोडीबहार निवासी प्रिया तिवारी पति-मुकेश तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह 8 जून को हिन्दु रीति-रिवाज के अनुसार मुकेश तिवारी पिता दिलीप तिवारी के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के उपरांत दहेज के सामान को देखकर प्रिया तिवारी की जेठानी दहेज के नाम पर विवाह के 15 दिन बाद ताना मारते हुए सभी सामान घटिया व खराब है, मोटर सायकल तक नहीं दिये हो कहकर प्रताड़ित करने लगी तथा मुकेश तिवारी, ससुर दिलीप तिवारी, सास यशोदा तिवारी के द्वारा प्रिया को अपने मायके से 1 लाख 25 हजार रुपए लेकर आने के लिए दबाव बनाया जाने लगा और प्रिया के साथ गाली गलौच एवं मारपीट कर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जाने लगा। जिससे व्यथित होकर प्रिया तिवारी के द्वारा सिविल लाइन में शिकायत की गई जिस पर पुलिस ने पति मुकेश तिवारी, ससुर दिलीप तिवारी और सास यशोदा तिवारी के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज कर लिया है।

# छापा, 45 लीटर महुआ शराब 195 किलो लाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गांव-गांव में महुआ शराब बनाकर बेचने वाले लोगों के खिलाफ आबकारी विभाग विशेष मुहीम चला रही है। आबकारी की टीम ने दो अलग-अलग स्थान में दबिश देकर लगभग 45 लीटर महुआ शराब और 195 किलो महुआ लाहन जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब बेचने बनाने वालों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में आबकारी उप निरीक्षक नारायण सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने ग्राम बीरतरई और मोहराभाटा में अलग-अलग स्थान में दबिश देकर संतोष यादव से 35 लीटर महुआ शराब और मनमोहन के पास से 10.5 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है जबकि दोनों के कब्जे से कुल 195 किलो महुआ लोहान जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# तेज रफ्तार कार चढ़ी डिवाइडर पर, मची अफरा तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए कार को डिवाइडर पर चढ़ा दी। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना का सुखद पहलू था कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आयी।

घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निहारिका घंटाघर के समीप घटित हुई है। बताया जाता है कि एक युवती बुधवार की शाम कार चला रही थी और कार अचानक युवती के नियंत्रण से बाहर हो गया और तेज रफ्तार में कार सीधे डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घबरा गए और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार अचानक तेज हुई और चंद सेकंड में डिवाइडर पर जा चढ़ी। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उसी वक्त सड़क पर ज्यादा भीड़ नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरों ने किसी तरह युवती को कार से बाहर निकाला। देर शाम तक इस मामले में अपराध दर्ज नहीं हुआ था।



दुर्घटनाग्रस्त कार।

## हाईकोर्ट ने कहा- सिर्फ अस्थायी मरम्मत से जनता को राहत नहीं मिल सकती, स्थायी समाधान जरूरी

# फ्लाई एश का प्रदूषण और सड़क बदहाली, एनटीपीसी, एसईसीएल और बाल्को से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कोरबा जिले में फ्लाई एश प्रदूषण और सड़कों की जर्जर हालत पर गंभीर रुख अपनाते हुए राज्य सरकार और प्रमुख औद्योगिक इकाइयों को कठोर निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने स्पष्ट कहा कि, सिर्फ अस्थायी मरम्मत से जनता को राहत नहीं मिल सकती, स्थायी समाधान जरूरी है।

अदालत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव को दो सप्ताह के भीतर स्थायी सड़क निर्माण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही बाल्को और एनटीपीसी के प्रमुख अधिकारियों को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें उन्हें यह बताना होगा कि अब तक प्रदूषण नियंत्रण और सड़क सुधार के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा, नगर निगम कोरबा को भी इस मामले में पक्षकार बनाया गया है ताकि शहरी क्षेत्र में फ्लाई ऐश और सड़क रखरखाव की जिम्मेदारी तय की जा सके। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 14 नवंबर 2025 निर्धारित की है।



फाइल फोटो

### बुनियादी जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में जनता की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़कें और स्वच्छ वातावरण नागरिकों का अधिकार हैं। न्यायालय ने फ्लाई ऐश के खुले परिवहन और डंपिंग पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। अदालत ने सभी संबंधित औद्योगिक इकाइयों से यह भी पूछा है कि उन्होंने अब तक फ्लाई एश प्रबंधन और सड़क सुधार के लिए क्या कदम उठाए हैं और क्यों उनके प्रयास सिर्फ अस्थायी मरम्मत तक सीमित रहे हैं। अगली सुनवाई में न्यायालय के समक्ष संबंधित विभागों और कंपनियों को अपनी प्रगति रिपोर्ट और भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी।

### लंबे समय से फ्लाई एश प्रदूषण से जूझ रहा है

याचिका के मुताबिक कोरबा, जिसे छत्तीसगढ़ की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है, लंबे समय से फ्लाई एश प्रदूषण और सड़कों की बदहाली से जूझ रहा है। थर्मल पावर प्लांट्स और कोयला खदानों से निकलने वाली राख (फ्लाईऐश) के उचित निपटान में लापरवाही के कारण हवा और पानी दोनों प्रदूषित हो रहे हैं। वहीं, भारी वाहनों की आवाजाही और देखरेख की कमी से शहर की सड़कों की हालत बेहद खराब है। इस स्थिति से परेशान होकर स्थानीय नागरिकों ने जनहित याचिका दायर की थी, जिस पर बुधवार को मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने सुनवाई की।

## घर से ट्रैक्टर के सामानों की चोरी

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहरचुआं निवासी रघु सिंह राठिया उम्र 50 वर्ष पिता स्व0 घांसीराम राठिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। उसने खेती किसानी काम करने के लिये एक सोनालिका 745 ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 12 ए वाय 3504 खरीदा है। उसके साथ नागर, कोपर, केजव्हील खरीदा था, ट्रेक्टर घर के अंदर था, नागर हल, कोपर तथा केजव्हील घर के सामने रखा हुआ था, जिसे 20 अक्टूबर की रात 11 बजे से 21 अक्टूबर की सुबह 6 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। रघु सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## नर्मदा नगर चौराहे को निगम ने बना दिया प्रयोगशाला





**बिलासपुर।** शहर के व्यस्त चौराहों में से एक नर्मदा नगर चौराहे को नगर निगम ने प्रयोगशाला बना दिया है, इस चौराहे के एक किनारे पर आए दिन नाला बनाने के लिए खोदाई की जाती है, इससे ट्रैफिक जाम हो जाता है और सैकड़ों लोग परेशान होते हैं। बुधवार को भी चौराहे के एक किनारे पर नाला बनाने के लिए गड्ढा खोद दिया गया और बेरीकेड से सड़क घेर दी गई, सुबह 10 बजे के बाद चौराहे की ट्रैफिक सिग्नल लाइट भी बंद हो गई, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया। कई घंटे तक लोग परेशान होते रहे, उसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस का कोई जवान मौके पर नहीं पहुंचा। रात तक इस चौराहे पर ट्रैफिक जाम होता ही रहा।

## खबर संक्षेप

### लीलागर नदी में मिली लाश पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह लीलागर नदी में युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसंतपुर से गुजरी लीलागर नदी में बुधवार सुबह 6.30 बजे आसपास ग्रामीणों ने नदी में बहती लाश देखी। पानी में औंधे मुंह एक अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस के आने के बाद ग्रामीणों ने शव की पहचान गांव के ही तुलसी पटेल पिता स्व.मेलाराम पटेल के रूप में की है। बताया जा रहा है कि वह तीन दिनों से लापता था। जिसकी सूचना ग्राम के कोटवार द्वारा पचपेड़ी पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। वहीं मृतक की मौत किन परिस्थितियों में हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिसिया जांच में स्पष्ट होगी फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

### फार्मेसी की छात्रा ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** मस्तूरी थाना क्षेत्र के गांव पेंड्री में फार्मेसी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा की लाश गर्ल्स हास्टल में मिली है। मृतका की पहचान लोहर्सी सोनी निवासी यामिनी कोशले के तौर पर की गई है। छात्रा सान्दीपनी कालेज में फार्मेसी के फर्स्ट इयर की छात्रा है। पुलिस ने बताया कि छात्रा गुप्ता निजी गर्ल्स हास्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। छात्रा के आत्महत्या के बाद हास्टल में दहशत का माहौल है।

### पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने 2 साल तक नाबालिग के साथ शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी लड़की के मोहल्ले में ही रहता है और डरा-धमका कर लगातार उत्पीड़न कर रहा था, लड़की की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार भारतीय नगर रजा मस्जिद निवासी फरहान खान पिता फैज मोहम्मद उम्र 19 वर्ष मोहल्ले की लकड़ी के साथ लगातार दैहिक शोषण कर रहा था, इस दौरान उसने लड़की को शादी का झांसा देकर अपनी हवस का शिकार बनाया। वही आरोपी पिछले 2 साल से लड़की को बुहला फुंसलाकर उत्पीड़न करता रहा, इसकी भनक परिजनों को लगी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिलासपुर।** धूरीपारा मंगला में एक युवक ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंचे सिविल लाइन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम किया है। पुलिस के अनुसार दुर्गा मंदिर के पास धूरीपारा मंगला निवासी सोनू पटेल पिता बिसेन पटेल उम्र 30 वर्ष ने कमरे में बीती रात फांसी लगा ली। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइडल नोट नहीं मिला है। आसपास के लोगों ने बताया कि युवक शादीशुदा था।

### घर-घर दरवाजा खटखटाकर रहवासियों से राशन कार्ड, आधार कार्ड मांगे गए

# लिंगियाडीह में हंगामा, सर्वे व नापजोख करने पहुंची निगम की टीम को महिलाओं ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह में निगम का अमला बुधवार को फिर सर्वे करने पहुंचा। घरों- घर दरवाजा खटखटाकर रहवासियों से राशन कार्ड, आधार कार्ड मांगे गए। पूछने पर किसी ने एसईआर के तहत मतदाता सूची की जांच करने तो किसी ने व्यवस्थित बसाहट और पुनर्वास के लिए सर्वे और नापजोख करना बताया। इससे पूरे इलाके में तनाव का माहौल। महिलाओं ने अधिकारियों को घेर लिया और घर से बाहर कर दिया। नापजोख करने पर रोक भी लगाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल तैनात था। महिलाओं ने बताया कि आधार और राशनकार्ड न देने पर कर्मचारियों ने उन्हें बंगलादेशी और पाकिस्तानी कहा जिससे आक्रोश और भड़क गया। अधिकारियों द्वारा समझाइश दी गई की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्लम एरिया में रहने वाले लोगों को पक्का मकान दिया जाना है। इसलिए ही सर्वे किया जा रहा है, लोग शांत हुए।

बुधवार को खलबली तब मची जब अमला फिर नापजोख करने पहुंच गया। इस दौरान राशन कार्ड और आधार कार्ड के जरिये मकानों की नम्बरिंग और रजिस्टर में नोट किया जाने लगा। महिलाओ ने इसका विरोध किया कि जब मतदाता सूची को दुरुस्त करने आएं हैं तो नापजोंख क्यों। हंगामा करते हुए यह भी कहा गया कि और कितना और कितने बार नापेंगे। कितनी बार तोड़फोड़ कर परेशान करेंगे। लोगों के आक्रोश को देखते हुए निगम के एक कर्मचारी ने मतदाता सूची का सर्वे करने की बात कही,तो दूसरे ने व्यवस्थित बसाहट और पुनर्वास के लिए सर्वे करने की बात कही।



लिंगियाडीह में सर्वे करती नगर निगम की टीम।

## पूरे इलाके में दिन भर तनाव का माहौल रहा, नापजोख करने पर रोक भी लगाई गई

### प्रारंभिक सर्वे में 113 लोग चिन्हांकित

महिलाओं ने बताया कि आधार और राशनकार्ड न देने पर कर्मचारियों ने उन्हें बंगलादेशी और पाकिस्तानी कहा जिससे आक्रोश और भड़क गया। इस मामले में निगम के जोन क्रमांक 7 के जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शहर को स्लम एरिया मुक्त करने की दिशा में काम चल रहा है। इससे पहले तालापारा,दयालबंद और दूसरे क्षेत्रों में भी सर्वे किया गया है। सभी को पक्का मकान दिए जाएंगे। इससे पहले सर्वे किया जा रहा है और उसी के आधार पर रिपोर्ट बनेगी। यह जानकारी ली जा रही है कि कितने पक्के मकान हैं और कितने कच्चे। कितने परिवार इन स्लम एरिया में रहते हैं। इनमें से कितनों को वहीं तो कितनों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा सकता है। जोन कमिश्नर के मुताबिक प्रारंभिक सर्वे में ऐसे 113 लोगों को चिन्हांकित किया गया।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते टीम के सदस्य।

### पक्के मकानों की ले रहे जानकारी

पहले सर्वे किया जा रहा है और उसी के आधार पर रिपोर्ट बनेगी। यह जानकारी ली जा रही है कि कितने पक्के मकान हैं और कितने कच्चे। कितने परिवार इन स्लम एरिया में रहते हैं। इनमें से कितनों को वहीं तो कितनों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा सकता है। जोन कमिश्नर के मुताबिक प्रारंभिक सर्वे में ऐसे 113 लोगों को चिन्हांकित किया गया।

- **प्रवीण शर्मा,** जोन कमिश्नर

### 54 क्षेत्रों में 14 हजार 206 झुग्गीवासी परिवार

गौरतलब है कि साल 2018 के सर्वे के मुताबिक शहर के 54 विभिन्न क्षेत्रों में 14206 झुग्गीवासी परिवार रहते हैं। इन परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 7766 आवासों के निर्माण के लिए साल 2017 से काम शुरू किया गया था। योजना के अंतर्गत नूतन चौक और अशोक नगर में आवास आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें लोग रहने लगे हैं। इसके साथ ही सर्वे में सकरी, हरश्रृंगार आवास राजकिशोर नगर, वेयर हाउस रोड, बहतराई, रिकांडो चांटीडीह, अशोक नगर, माखनलाल चतुर्वेदी नगर, शिक्षक कालोनी, नेहरू नगर, स्वर्ण जयंती नगर, कोनी, इमलीभाठा, अन्नपूर्णा कालोनी तोरवा, हेमूनगर, बंधवापारा तालाब के पास, प्रगति विहार राजकिशोर नगर में अवैध कब्जे मिले थे।

### पीएम मोदी की सभा में होंगे शामिल

# 15 हजार भाजपाई 1 को जाएंगे राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- भाजपा विधायकों समेत जिलाध्यक्ष व संगठन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ आ रहे है और राजधानी रायपुर में उनका कार्यक्रम होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बिलासपुर जिले से 15 हजार लोगों की भीड़ ले जाने की तैयारी भाजपाई कर रहे हैं। लगभग 154 बड़ी बसों समेत 270 छोटी वाहनों की व्यवस्था की जा रही है और पीएम मोदी की सभा के लिए लोगों की भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी भाजपा के विधायकों एवं जिलाध्यक्ष सहित संगठन के पदाधिकारियों को दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 1 नवंबर को राजधानी रायपुर के कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के भी भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता की अच्छी खासी उपस्थिति रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी रायपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें लगभग दो लाख लोगों की भीड़ पूरे प्रदेशभर से पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्योत्सव अवसर पर आ रहे हैं इसलिए प्रदेश सरकार समेत सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा भी उनके स्वागत में किसी तरह की कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। इसलिए उनकी जनसभा में ज्यादा से ज्यादा भीड़ दिखाने की कोशिश है।

न्यायधानी बिलासपुर प्रदेश का दूसरा बड़ा जिला है इसलिए भाजपा सत्ता और संगठन दोनों बिलासपुर जिले से अधिक से अधिक लोगों की भीड़ प्रधानमंत्री की सभा में जुटाने की तैयारी चल रही है।

### नए विधानसभा भवन का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवंबर को नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद श्री मोदी पहले प्रधानमंत्री होंगे जो छत्तीसगढ़ की विधानसभा में लोकार्पण समारोह में आएंगे। इस अवसर पर श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी प्रजापिता ब्रम्हकुमारी के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे तत्पश्चात एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस तरह 1 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी राजधानी रायपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### सुबह 8 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगी गाड़ियां

जिले के भाजपा के जितने भी विधायक हैं उनके सहित भाजपा जिलाध्यक्ष शहर व जिलाध्यक्ष ग्रामीण के साथ-साथ संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिलासपुर जिले से करीब 15 हजार लोगों की भीड़ ले जाने की तैयारी की जा रही है और इसके लिए 154 बड़ी बसों की व्यवस्था लोगों की भीड़ ले जाने के लिए की जा रही है साथ ही 270 छोटी गाड़ियां भी रहेगी, जिसमें भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जाएंगे। 1 नवंबर को यहां से सुबह करीब 8 बजे ये सारे वाहन लोगों की भीड़ लेकर रवाना होगी और कार्यक्रम से पहले राजधानी पहुंच जाएंगे। ये सभी वाहन अलग-अलग क्षेत्रों से रवाना होगी।

# रात में नोटिस, सुबह होते ही सीमांकन, जमकर मचा हंगामा

## जूना बिलापुर हल्का अंतर्गत करबला का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर हल्का अंतर्गत करबला की बेशकीमती जमीन के सीमांकन के दौरान जमकर हंगामा मचा। लोगों ने आरोप लगाया है कि आरआई द्वारा रात में ही चौहद्दी वालों के नाम पर नोटिस चस्पा किया और सुबह होते ही सीमांकन कर दिया। लोगों ने विवादित भूमि का एक पक्ष के साथ मिलीभगत कर गलत सीमांकन करने का आरोप लगाया है।

करबला स्थित कोदू होटल चौक के पास नीलम कश्यप सहित अन्य लोगों की करीब एक एकड़ से भी अधिक भूमि है। इसी के आसपास शिवप्रताप साव के परिवार की भी भूमि स्थित है। साव पक्ष का आरोप है कि उनकी भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसके लिए उन्होंने सीमांकन का आवेदन दिया था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यहां की जमीन कीमती है, जिससे सीमांकन की पूरी प्रक्रिया सुनियोजित तरीके से कराई गई है। लोगों का आरोप है कि सीमांकन के पूर्व चौहद्दी वालों को कम से कम सात दिवस पूर्व नोटिस दिया जाता है। ताकि लोग उक्त तिथि पर उपस्थित रह सकें। एक नोटिस के बाद लोग यदि उपस्थित न हों तो दूसरी बार भी नोटिस जारी कर सूचना दी जाती है। इसके विपरीत इस मामले में रातोंरात नोटिस जारी किया गया और सुबह होते ही सीमांकन कर दिया गया।

**राजस्व विभाग पर मिलीभगत के आरोप**



### शिकायत नहीं मिली है

एक ही नोटिस के बाद ही सीमांकन नहीं किया जाता। कम से कम दो नोटिस जारी किया जाता है। हालांकि इस संबंध किसी भी पक्षकार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।

**-मनीष साहू**
एसडीएम बिलासपुर

### फोटोग्राफी कराई गई है

उक्त भूमि के सीमांकन के संबंध में आरआई द्वारा 26 अक्टूबर को अखबार में इश्तेहार प्रकाशन किया गया था। इसके बाद 27 अक्टूबर को चौहद्दी वालों की सूचना के लिए नोटिस चस्पा किया गया। सीमांकन की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई है। किसी भी पक्षकार की ओर से फिलहाल कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

**-प्रकाशचंद्र साहू**
तहसीलदार बिलासपुर

### कुत्ते ने युवती को काटा

**अम्बिकापुर।** बेटे को स्कूल से लेकर घर जा रही युवती को पालतू कुत्ता ने काट लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने कुत्ता पालने वाले के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खाला पखाडबरा निवासी प्रियंका अगरिया आ. रघुराम अगरिया (22 वर्ष) मंगलवार की शाम अपने लकड़ा समर्थ अगरिया को स्कूल से लेकर पैदल घर आ रही थी। जैसे ही गांव के ही जगदीश एक्का के घर के पास पहुंची तभी जगदीश का पालतू कुत्ता ने उसे काट लिया। कुत्ता को काटते देख आसपास मौजूद लोगों ने कुत्ता को भगाया। पालतू कुत्ता इससे पहले भी कई लोगों को काट जख्मी कर चुका है।


### 22 सितम्बर से शुरू हो चुकी हैं कक्षाएं

# मेडिकल कॉलेज में 121 सीटों पर एडमिशन, चार सीटें अब भी खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया दिन प्रतिदिन पिछड़ती जा रही है। कॉलेज में अभी भी स्टेट और सेन्ट्रल पूल कोटा में एक एक सीटों पर एडमिशन पूर्ण नहीं हो पाया है जबकि ऑल इंडिया कोटा की दो सीटो पर भी प्रवेश अब तक शेष है। एडमिशन की प्रक्रिया में हुई लेट लतीफी के कारण एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में यूजी की 125 सीटों पर प्रवेश की



प्रक्रिया चल रही है। एमबीबीएस की कुल 125 सीटों में से स्टेट कोटा में 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 और सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटें स्वीकृत है। स्टेट कोटा की दो चरणों की प्रक्रिया के बाद 104 में से 103 सीटों पर छात्र छात्राओं ने एडमिशन ले लिया है जबकि सेंट्रल पूल कोटा में भी नेपाल से दो छात्रों का एडमिशन हुआ है। वहीं ऑल इंडिया कोटा की बात की जाए तो कॉलेज में 18 में से 17 सीटों पर एडमिशन पूर्ण हो गए थे लेकिन बाद में दूसरे चरण तक 6 छात्र छात्राओं ने अपना कॉलेज अपग्रेड कर लिया जिसके बाद ऑल इंडिया कोटा से सिर्फ 11 छात्र छात्राएं ही शेष बचे थे। अब तीसरे चरण में एनएमसी ने फिर से 7 लोगों को सीटें अलॉट की थी लेकिन अब तक सिर्फ 5 ने ही एडमिशन लिया है। ऐसे में अभी भी ऑल इंडिया कोटा में अभी दो सीटें रिक्त बची है। सेंट्रल पूल कोटा की बात की जाए तो एक सीट के अलॉटमेंट को लेकर कोई जानकारी नहीं आ पाई है।



# ग्रामीण के घर से 700 बोरी अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- एसडीएम के नेतृत्व में हुई जब्ती की कार्रवाई

प्रशासन की सख्ती एवं सीमावर्ती कृषि जांच चौकी द्वारा निरंतर जांच करने के बावजूद कोचिए पड़ोसी राज्यों से लगातार अवैध धान का परिवहन एवं भण्डारण कर रहे हैं। रघुनाथ नगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंडरी में भारी मात्रा में बाहर का धान भण्डारित करने की सूचना पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में छापामार कार्रवाई कर 700 बोरी अवैध धान जब्त किया है।

एसडीएम नीरनिधि नंदेहा ने बताया कि ग्राम पंडरी निवासी चंचलपति द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में दूसरे राज्य का धान भंडारित करने की सूचना मिली थी। सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान ग्रामीण के घर में 700 बोरी अवैध धान मिला जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर रोक लगाने के लिए विविध टीमों का गठन किया गया है। टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में कोचियों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही हैं। प्रशासन की कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

### घर व दुकान से 1 लाख का सामान पार

अम्बिकापुर। ब्रम्हरोड स्थित सूने मकान व दुकान में चोरों ने धावा बोलकर लगभग 1 लाख से अधिक का सामान पार कर दिया। घटना की शिकायत मकान मालिक व दुकान संचालक ने कोतवाली में की है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ब्रम्हरोड निवासी अश्विनी कुमार दुबे आ. रविकांत दुबे ने कोतवाली में शिकायत किया है कि ब्रम्हरोड स्थित मकान में कोई नहीं रहता और बंद रहता है। बीती रात चोरों ने घर में दाखिल होकर कमरे में रखे लगभग 50 हजार कीमत के बर्तन के अलावा 5 हजार कीमत की साड़ियां चोरी कर ले गए। वहीं घर सामने दुकान को किराए में लिए घुटरापारा निवासी मो. शईद ने भी कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

## खबर संक्षेप



### करमा महोत्सव में दिखी लोक संस्कृति की झलक

**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोंड़ी-उपरोड़ा के मरकीथान प्रांगण में जनपद स्तरीय करमा महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस पारंपरिक आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों की कुल 7 टीमों ने भाग लिया और अपनी-अपनी करमा नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।निर्णायक मंडल ने नृत्य की ताल, लय, समूह समन्वय और पारंपरिक वेशभूषा के आधार पर दर्रापारा एवं कपूबाहरा टीमों का चयन जिला स्तरीय करमा महोत्सव हेतु किया। चयनित टीमें अब जिले के मंच पर अपनी लोक संस्कृति की शानदार प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष माधुरी देवी तंवर एवं उपाध्यक्ष प्रकाशचंद जाखड़ ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद सीईओ जयप्रकाश डडसेना, ग्राम सरपंच सहेत्तर सिंह राज सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।अतिथियों ने कहा कि करमा नृत्य आदिवासी समाज की अमूल्य धरोहर है, जो श्रम, प्रकृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कलाकारों को लोक संस्कृति के संरक्षण एवं नई पीढ़ी तक इसके प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया।

### एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वॉकथॉन का आयोजन



**कोरबा।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह अंतर्गत बुधवार को एसईसीएल में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने रैली में हिस्सा लेकर सतर्कता जागरूकता का संदेश दिया। रैली को सीएमडी हरीश दुहन, निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी/योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एसईसीएल मुख्यालय से शुरू होकर रैली एसईसीएल वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में समाप्त हुई। पूरे रन के दौरान प्रतिभागियों ने जोशो-खरोश के साथ भाग लेते, हुए सतर्कता जागरूकता का नारा लगते हुए, भ्रष्टाचार के खिलाफ संदेश दिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर भारत की राष्ट्रपति श्रीमती दौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी एवं केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के संदेश का वाचन किया गया।

### विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा कोरबा के अध्यक्ष विनय सोनवानी के नेतृत्व में प्रांतीय निकाय के आह्वान पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से डिप्टी कलेक्टर मनोज बंजारे के माध्यम से ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिया जाए। तथा डी ए एरियर्स को जीपीएफ खाते में समायोजित किया जावे। केंद्रीय कर्मचारियो एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवा निवृत्त पर एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जाए। संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे। तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चत किया जावे। प्रदेश के सभी संवर्गो अधिकारी/कर्मचारियो को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधित आदेश शीघ्र जारी किया जावे। प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जावे। शिक्षक/ लिपिक के सहित विभिन्न संवर्गो की वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समित का प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रकाशित कर लागू किया जाए आदि मांग है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एसके पाठक, प्रभाष शर्मा, अजय पांडये, गोपाल प्रजापति, चेतन राठौर, एनके राजवाड़े, केएल डहरिया, तीज राम कुर्रे, रामकपूर कुर्रे, मनोहर सिंह कंवर, हीरा राम पटेल आदि उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय सिक्कों व नोटों की लगाई गई प्रदर्शनी

# गौधाम कनबेरी में गोपाष्टमी का आयोजन



कनबेरी स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा कोरबा के द्वारा संचालित श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति के द्वारा गोधाम कनबेरी में भव्य रूप से गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। श्री अग्रसेन गौधाम कनबेरी में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही गो गोपाल मंदिर में गोमाता की पूजा अर्चना व हवन का कार्यक्रम अयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचन्द पटेल व विशिष्ट अतिथि में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजीव सिंह व कार्यक्रम अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित रहे।

गो गोपाल मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना की गई। मंचीय कार्यक्रम में माता माधवी देवी गौ सेवा समिति के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने कहा कि यह लगभग 7सौ से अधिक गौमाता है हमारे द्वारा गौ माता की सेवा में अनेकों प्रयास किये जा रहे है उनके स्वस्थ्य, भोजन, साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जा रही है। अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि गौधाम में वर्तमान में आने जाने के लिए सडक की समस्या बनी हुई है सडक का निर्माण की कोशिश की जा रही है। मुख्य अतिथि प्रेम चन्द पटेल ने कहा कि भगवान और गौमाता का बहुत ही गहरा संबंध में तभी तो भगवान ने अपनी लीलाओं में चाहे वे गौमाता को चारने या उनका माखान खाने रूप में गौमाता से संपर्क बनाया रखा है। श्री अग्रसेन गौधाम में आने से आनंद की अनुभूति होती है। हम सब गौमाता की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम को राजीव सिंह, गोपाल मोदी संबोधित किया। इस अवसर पर गौधाम में एक अंतराष्ट्रीय सिक्कों व नोटों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें नोट या सिक्कों में गौमाता का चित्र का प्रकाशन किया गया था। राजनांदगांव से पहुंचे तेजकरण जैन ने बताया कि वे वर्ष 1985 से 146 देश के 476 नोट व 144 सिक्के जिसमें एल्युमिनियम से लेकर सोने तक के सभी सिक्कों को संग्रहण का कार्य कर रहे हैं जिसका कई जगह उनके द्वारा प्रदर्शनी लगाई जा चुकी है और विभिन्न पुरूस्कार मिल चुका है।

### गोपाष्टमी पर झाबर स्थित कामधेनु गौशाला में गौ पूजा



गोपाष्टमी के अवसर पर झाबर स्थित कामधेनु गौशाला में श्रद्धालुओं ने परंपरागत विधि से गौ माता एवं समस्त गोवंश की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही गौशाला परिसर में धार्मिक उत्साह का वातावरण रहा। ग्रामीणों, गौसेवकों और समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर गौ आराधना और सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई। पिछले 15 वर्षों से निरंतर गौसेवा और गौपूजा का कार्य कर रहे स्थानीय गौसेवक अरुणीश तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत आवश्यक है। आज जिस तरह गौवंश की स्थिति दयनीय होती जा रही है, वह समाज के लिए चेतावनी है। उन्होंने कहा गौसेवक ने यह भी अपील की कि लोग कुत्तों या विदेशी पालतू जानवरों की बजाय गोवंश को अपनाने की परंपरा को पुनर्जीवित करें। जो लोग गौ सेवा के नाम पर दिखावा करते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि यह धर्म का नहीं, मानवता और पर्यावरण संरक्षण का प्रश्न है। कार्यक्रम में गौ आरती, पुष्पांजलि और गौ ग्रास वितरण के बाद सामूहिक संकल्प लिया गया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## मां भवानी गौशाला सेवा समिति में भी हुई गौवंश की पूजा



मां भवानी गौशाला में हुई गोपाष्टमी की पूजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल स्थित गौशाला में भी धूमधाम से मनाया गया गोपा अष्टमी का पर्व। इस कार्यक्रम में आसपास के गांव से बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के बाद आयोजित भोग भंडारे में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप गौशाला संचालक देवेंद्र पांडेय, सुरेन्द्र पाण्डेय, सत्येंद्र नाथ दुबे, रणधीर पाण्डेय, एसके श्रीवास्तव, राजेंद्र पाण्डेय, योगेश जैन, अशोक चावलानी, ऋतु चौरसिया, बीके शुक्ला, सुशील पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, ललित पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, अखिलेश शुक्ला, तरुण मिश्रा, अजय विश्वकर्मा, पार्षद अजय गोंड एवं ब्राह्मण समाज के सदस्य महिला पुरुष एवं आस पास के गांव के ग्रामीण सम्मिलित हुए।

### शिक्षा एवं संस्कार से कैरियर और चरित्र निर्माण होता है : प्यारेलाल

**कोरबा।** शिक्षा मनुष्य के कौशल विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होता है और उसके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। वहीं संस्कार मनुष्य को चरित्रवान बनाने के लिए आधार रूप में कार्य करता है। अतएव शिक्षा से जुड़े हुए और हम सभी सामाजिक व्यक्तियों को शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान देते हुए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की बात की जानी चाहिए। उक्त बातें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरवाद्वारी में आयोजित कैरियर निर्माण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वक्ता प्रोफेसर प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जय बूढ़ादेव कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा ने कही।

# एसईसीएल की कोयला खदानों में लागू होगा कोयला शक्ति कोल एनालिटिक्स डैशबोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- डैश बोर्ड डेटा आधारित निर्णय लेने में होगा सक्षम
- कोयला उत्पादन, परिवहन और आपूर्ति की करेगा निगरानी

कोयला शक्ति नाम से एक स्मार्ट कोल एनालिटिक्स डैशबोर्ड जारी किया गया है। डैशबोर्ड डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाने के साथ कोयला इकोसिस्टम में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने का काम करेगा। यह डैशबोर्ड कोयला क्षेत्र के संचालन की वास्तविक समय निगरानी और विश्लेषण के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में काम करेगा।

एसईसीएल में कोयला क्षेत्र के कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए कोयला मंत्रालय की ओर से एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है। कोयला उत्पादन, परिवहन और आपूर्ति की निगरानी के लिए एक एकीकृत, वास्तविक समय डिजिटल इंटरफेस मुहैया कराने के लिए बुधवार को कोयला मंत्रालय की ओर से कोयला शक्ति नाम से एक स्मार्ट कोल एनालिटिक्स डैशबोर्ड जारी किया गया। यह डैशबोर्ड कोयला क्षेत्र के संचालन की वास्तविक समय निगरानी और विश्लेषण के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में काम करेगा। कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए कई पहलों को लागू कर रहा है। एसईसीएल में कोयला शक्ति डैशबोर्ड की शुरुआत इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कोयला शक्ति की शुरुआत कोयला प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता को बढ़ावा देकर डिजिटल इंडिया के विजन के साथ जुड़ने की एसईसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कोयला शक्ति बनाने का मकसद कोयला उत्पादन, मांग, लॉजिस्टिक्स और परिवहन से संबंधित आंकड़ों के एकीकरण और विश्लेषण करना है ताकि कोयला क्षेत्र में परिचालन पारदर्शिता और क्षमता का सही उपयोग हो सके। यह डैशबोर्ड सभी हितधारकों के बीच निर्बाध सूचना मुहैया कराने का काम करेगा और वास्तविक समय रिपोर्टिंग, प्रदर्शन ट्रैकिंग और लॉजिस्टिक्स को सक्षम बनाएगा। इसमें कोयला उत्पादक कंपनियां और निजी खनन कंपनी, केंद्रीय मंत्रालय और विभाग जैसे कोयला, रेलवे, बिजली, वित्त, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग, तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग, कोयला उत्पादन का प्रबंधन करने वाले राज्य विभाग (ई-खनिज प्लेटफॉर्म), बिजली उत्पादन कंपनियां और अन्य औद्योगिक कोयला उपभोक्ता, बंदरगाह प्राधिकरण और निजी कोयला-हैंडलिंग टर्मिनल शामिल होगी।

# श्री रामलला दर्शन हेतु तीर्थ यात्रियों का दल रवाना



हरी झण्डी दिखाकर तीर्थ यात्रियो को रवाना करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- सभापति व एमआईसी सदस्य ने हरी झंडी दिखाकर दल को किया रवाना

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थ यात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए साकेत भवन से रवाना किया गया। सभापति नूतन सिंह ठाकुर एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई तथा तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहना कर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का सु-अवसर प्राप्त हुआ हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार की श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला के दर्शन प्रतिमाह कराये जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिये रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेगा। तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस मौके अजय गोंड़, ममता यादव,पार्षद रामकुमार साहू के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद सिंह, विकास टंडन, रिशू अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### भलपहरी से भी दर्शनार्थियों का दल रवाना

जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी से 29 अक्टूबर को 9 यात्रियों का अयोध्या धाम श्रीराम लला मंदिर दर्शन और बनारस बाबा कांशी विश्वनाथ दर्शन के लिए रवाना हुए। सभी यात्रियों को उपसरपंच प्रहलाद राठौर, शिवरतन राठौर, गिरीश चंद्र कश्यप, भैयाराम कश्यप, कामता प्रसाद मरावी, बिमलेश कश्यप ने श्रीफल देकर रवाना किया गया। जिसमें रामस्नेही कश्यप, श्याम सिंह मरावी, थानेश्वर प्रसाद उपाध्याय (मनोज), दीनदयाल राठौर, राजू राठौर, गिरजा देवी, शिव कुमारी, गंगा बाई, धार्मिन बाई को ग्राम पंचायत द्वारा श्रीफल भेंट कर गांव के मरकी माता की आशीर्वाद लेते हुए यात्रा का मंगल कामना के साथ रवाना किया गया।




# भगवान भक्तों को बिना मांगे ही देते हैं सब कुछ : टंकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



भागवत कथा में प्रवचन करते कथावाचक एवं श्रद्धालु।

अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आज अंतिम दिवस में कथा वाचक आचार्य टंकेश दुबे महराज कटघोरा ने अपने व्यास पीठ से श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण व सुदामा चरित्र पर प्रवचन देते हुए बताया कि भगवान भक्तो को बिना मांगे ही सब कुछ देते हैं।

आचार्य ने बताया कि श्री कृष्ण से सुदामा ने कुछ भी नही मांगा किंतु प्रभु श्री कृष्ण ने उन्हें सब कुछ बिना मांगे ही सब कुछ देकर मित्रता का धर्म निभाया कथा में श्री मनुश्री जी ने सुदामा चरित्र पर कहा कि एक बार सुदामा अपनी गरीबी से काफी परेशान थे लोगो के घर घर जाकर गोकुल वासियों से भीख मांगकर लाते थे जितना मिलता था अपनी पत्नी को लाकर दे देते थे उसी से जीवन यापन किया करते थे। अपनी पत्नी के कहने पर सुदामा श्री कृष्ण के पास पहुंचे जहां श्रीकृष्ण उनके परिवार की कुलक्षेम पूछकर उनका स्वागत किया। इस दौरान श्री कृष्ण ने सुदामा को उनके द्वारा बिना कुछ मांगे ही सब कुछ दे दिया। सुदामा जब घर पहुंचते हैं तो वो अपने झोपड़ी नुमा घर की जगह महल देखते हैं तो वह काफी प्रसन्न होते हैं और अपने प्रभु की लीला को समझ जाते हैं व उन्हें दिल से धन्यवाद कहते हैं और कहते हैं कि मेरे प्रभु बड़े ही दयालु है प्रभु ने मुझे बिना मांगे ही सब कुछ दे दिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। जो वहां उपस्थित श्रोताओं का मनमोह लिया।

# सहस्त्रबाहु जयंती पर जायसवाल समाज निकालेगा शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका



बैठक में सम्मिलित समाज के पदाधिकारी।

जायसवाल कलार समाज दीपका आगामी 16 नवंबर को भगवान सहस्त्रबाहु की भव्य शोभायात्रा निकालेगी एवं जयंती उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए दीपका स्थित मधुबन रेस्टोरेंट में गेवरा दीपका क्षेत्र के समस्त जायसवाल समाज की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। संयोजक मनोज महतो ने बताया कि आगामी 16 नवंबर को दीपका में भगवान सहस्त्रबाहु की शोभायात्रा समलाई मंदिर दीपका से निकाली जाएगी जो दीपका मुख्यमार्ग से होते हुए कॉलोनी का भ्रमण करते हुए स्नेह मिलन प्रगति नगर तक जाएगी। जहां आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में शिव जायसवाल, श्यामू जायसवाल, जन्मेजय जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, मुकेश जायसवाल, आनंद चौकसे, पुखराज महतो, प्रशांत महतो, राजेश डिक्सेना, घनश्याम जायसवाल, ज्ञान जायसवाल, संजय जायसवाल, प्रेमचंद जायसवाल, सुजीत दिनेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, संजय जायसवाल, आनंद चौकसे, सुभाष जायसवाल उपस्थित थे।

## समाज ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

# सर्व समाज कटघोरा ने आपात बैठक में अमित बघेल की टिप्पणी पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सर्वसमाज की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

अग्रवाल सभा कटघोरा द्वारा बुधवार को अग्रसेन भवन कटघोरा में सर्व समाज की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई यह बैठक अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन जी एवं सिंध समाज के आराध्य झूले लाल के प्रति अमित बघेल के द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित की गई।

अग्रवाल सभा कटघोरा के संयोजक सागर मल धनोंदिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल सचिव अभिषेक गर्ग, सिंध समाज के अध्यक्ष रमेश वाटवानी, ब्राम्हण समाज से गोपाल शर्मा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई इस बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और सभी सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया सभी ने एक स्वर में इस टिप्पणी की तीव्र निंदा की और इसे समाज की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला बताया। अग्रवाल समाज कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी हमारे समाज के आदर्श, न्याय और समरसता के प्रतीक हैं व सिंध समाज के आराध्य भगवान झूले लाल के प्रति अमित बघेल के द्वारा जिस प्रकार से टिप्पणी की गई हैं इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी को समाज किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेगा। सचिव अभिषेक गर्ग ने बताया कि बैठक में सभी समाज के सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि इस घटना के विरोध में गुरुवार को शांति मय तरीके से अग्रसेन भवन कटघोरा से थाना परिसर पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं प्रशासन से दोषी व्यक्ति अमित बघेल के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने और समाज में एकता एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, गोपाल मित्तल, अनिल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल संजय गोयल, बजरंग अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अजय धनोंदिया, विजय मोटवानी, तुलसी राजपूत, डा देवेंद्र कौशिक, राकी जगवानी, अनिल दुहलानी, पवन अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, अनुराग दुहलानी सहित अग्रवाल समाज, सिंध समाज व ब्राम्हण समाज के साथ सभी समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह पर खुलेंगे भाग्य के द्वार



**कोरबा।** कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को सुबह 9:12 से शुरू होकर 2 नवंबर की रात 7:32 बजे तक रहेगी। चूंकि सूर्योदय के समय एकादशी तिथि विद्यमान रहेगी, इसलिए व्रत और पूजा का शुभ मुहूर्त 2 नवंबर को रहेगा। इसी दिन भगवान विष्णु चार महीने के योगनिद्रा से जागेंगे और तुलसी विवाह सहित शुभ कार्यों की शुरुआत होगी।

## खबर संक्षेप

### छात्रा के साथ शिक्षक ने की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 13 वर्षीय किशोरी कक्षा सातवीं की छात्रा है जो एक शिक्षक के पास ट्यूशन पढ़ती थी। बताया जाता है कि ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। छात्रा ने इस मामले की शिकायत अपने परिजनों से की थी जिसके बाद परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ लिखित में शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जर्जर सड़क का तीन दिन में नहीं हुआ सुधार तो होगा चक्काजाम आंदोलन



**कोरबा।** ग्राम पंचायत लखनपुर सुतर्रा कटघोरा अंबिकापुर बायपास मार्ग सड़क की जर्जर दशा को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंडी उपरोड़ा को पत्र लिखा गया है। सड़क की अविलंब मरम्मत कर समस्याओं का स्थायी निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी भी दी गई है कि 3 दिन के भीतर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो 31 अक्टूबर को चक्का जाम किया जाएगा। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 19 की सदस्य सरस्वती देवी, सरपंच प्रभा समेत लखनपुर पंचायत के प्रतिनिधियों ने पत्र में बताया है कि विगत वर्ष दिए गए सड़क मरम्मत हेतु ज्ञापन एवं चक्काजाम किए जाने पर दिए गए लिखित आश्वासन के बाद भी हमारे चाम लखनपुर के सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है। जिसके कारण प्रदूषण एवं दुर्घटनाएं आए दिन घटित हो रही है। जिसमें जनहानि व पशुहानि लगातार हो रही है। हम ग्रामवासियोंकी जन/धनहानि के साथ स्वास्थ्यगत परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। बीते वर्ष 25 नवंबर 2024 को ज्ञापन देकर चक्काजाम किया गया था। 8 सितंबर को फिर ज्ञापन दिया और हमारी समस्या से आपको अवगत कराया गया। जिसमें प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 15 अक्टूबर तक कार्य शुरु हो जाएगा। पर आज पर्यंत समस्या ज्यों का त्यों है। जनप्रतिनिधियों ने 3 दिन में सुधार नहीं होता तो 31 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से बंसल पेट्रोल पंप ग्राम पंचायत लखनपुर में चक्काजाम किया जाएगा।

### सेवा भारती का दीपावली मिलन एवं सत्कार समारोह सम्पन्न



**कोरबा।** सेवा भारती द्वारा विवेकानंद सेवा सदन, बुधवारी बायपास में दीपावली मिलन एवं सत्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्यातिथि डॉ. आनंद जोशी (आर्थोपेडिक सर्जन, वी. वाय. हॉस्पिटल रायपुर) उपस्थित रहे। साथ ही मंच पर डॉ. विशाल उपाध्याय, अध्यक्ष सेवा भारती कोरबा, वरिष्ठ समाज सेवी किशोर बुटोलिया भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद जोशी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा "एक सच्चे कार्यकर्ता का जीवन त्याग, अनुशासन और सेवा के तीन स्तंभों पर टिका होता है। जब व्यक्ति तन, मन और धन से समाज की सेवा में तत्पर रहता है, तभी राष्ट्र का उत्थान होता है। कार्यकर्ता का अर्थ केवल संगठन से जुड़ना नहीं, बल्कि समाज के हर दुःखी व्यक्ति के साथ खड़ा होना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल, कैलाश नाहक, ज्योति बुटोलिया (उपाध्यक्ष, सेवा भारती), परमिंदर भाटिया, रमेश पाठक, हेमंत माहुलीकर, देवेंद्र द्विवेदी, रेखा सिंह, कमल बतरा, निक्की उपाध्याय, पद्मिनी साहू, रीता श्रीवास्तव, संगीता तिवारी, उमेश सोनी, तथा बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुकेश राठौर और अभय तिवारी के नाम पर बना पैनल

# कोरबा शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दो नाम पर फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस के संगठन सृजन के तहत पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर आर.सी. खुटिया ने कोरबा शहर पर लगभग 4 हजार नेता व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के पश्चात 6 नामों का पैनल तैयार कर पार्टी हाई कमान को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसके साथ ही कांग्रेस की केंद्रीय इंटेलिजेंस ब्यूरो ने गुप्त तरीके से तीन नाम का सर्वे रिपोर्ट भी दे दिया है। 23 अक्टूबर को दिल्ली में पार्टी हाई कमान ने प्रदेश के सभी बड़े कांग्रेस नेताओं से जिलेवार नाम की सूची ले ली है। संभवतः तीनों जगह से प्राप्त कॉमन नाम पर मोहर लगेगी।

इसके साथ ही जिला अध्यक्ष बनाने के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है, इसके तहत आवेदक राजनीतिक इतिहास, उम्र, आर्थिक स्थिति, सोशल एक्टिविटीज, शिक्षा जैसे मापदंडों को देखा जा रहा है। साथ ही फेसबुक, ट्विटर को भी खांगाला जा रहा है, सूत्रों की माने तो ग्रामीण जिला अध्यक्ष के तौर पर वर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान का नाम लगभग फाइनल बताया जा रहा है। मनोज चौहान को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का समर्थन प्राप्त है, वहीं शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के लिए ज्यादा दावेदारों ने अपना आवेदन दिया जिसमें वर्तमान शहर जिला अध्यक्ष



मुकेश राठौर



अभय तिवारी

नाथूलाल यादव, एआईसीसी सोशल मीडिया समन्वयक अभय तिवारी, पार्षद मुकेश राठौर, पालुराम साहू, सपना चौहान, अर्चना उपाध्याय, दिनेश सोनी, महेश अग्रवाल, विभूति नारायण सिंह का नाम शामिल है। वर्तमान शहर जिला अध्यक्ष नाथूलाल यादव की उम्र उनके नियम के आड़े आ रही है, वैसे शहर जिला अध्यक्ष के ज्यादातर आवेदक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के समर्थक हैं। इनमें पार्षद मुकेश राठौर का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है, अगर जातिगत समीकरण को देखा जाए तो ओबीसी वर्ग से मुकेश राठौर के नाम पर मुहर लग सकती है मुकेश राठौर 4 से 5 बार के पार्षद रह चुके हैं। जिन्हें जयसिंह अग्रवाल का समर्थन प्राप्त है वहीं दूसरी ओर अभय तिवारी संगठन सृजन के तहत समस्त नियमों पर फिट बैठ रहे हैं, इन्हें चरणदास महंत के ख़ास समर्थक माना जाता है। इन्हें पूर्व लोकसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्यामनारायण सोनी का समर्थन भी मिला है। जो एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस की राजनीति में अच्छी दखल रखते हैं, जिसका लाभ निश्चित तौर पर अभय तिवारी को मिलता दिख रहा है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो मुकेश राठौर व अभय तिवारी पर दो नाम के पैनल बन चुका है, इन्हीं दो नाम में से किसी एक नाम पर मोहर लग सकती है। इसकी घोषणा एक-दो दिन के अंदर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, अन्यथा बिहार विधानसभा चुनाव के बाद घोषणा की जाएगी।

## हाथियों ने पसान रेंज के गाड़ागोड़ा में मचाया उत्पात, रौंदी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। इसी कड़ी में कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज अंतर्गत जल्के सर्किल के सेमरहा बीट में पहुंचे 42 हाथियों के झुण्ड ने बीती रात गाड़ागोड़ा गांव में भारी उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की धान की फसल को रौंद दिया। ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन एवं वन विभाग से अपने फसल तथा जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुण्ड बार-बार क्षेत्र में दस्तक दे रहा है और फसलों को क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं। हाथियों के उत्पात के चलते किसानों की मेहनतों पर पानी फिर जा रहा है जिससे श्रम के साथ-साथ आर्थिक क्षति भी हो रही है।

कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज से 42 हाथियों का झुण्ड एक दिन पूर्व जल्के सर्किल पहुंचा है। पहले दिन हाथियों का झुण्ड सर्किल के हरदेवा गांव में डेरा डाला लेकिन कोई भी नुकसान नहीं पहुंचाया। अगले दिन शाम होते ही मूव्हमेंट किया और गाड़ागोड़ा में उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया जिससे यहां के 17 ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की जिसे क्षतिपूर्ति स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। मुआवजा स्वीकृति के बाद पीड़ितों को वन विभाग की ओर से राहत राशि दी जाएगी।

## एपीसी की बैठक में दलहन, तिलहन एवं मक्का की फसल विस्तार की कार्ययोजना तैयार



बैठक को संबोधित करते कृषि आयुक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृषि व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाने तथा आगामी फसल सीजन की तैयारी के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती सहला निगार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2025 के प्रगति तथा रबी वर्ष 2025-26 कार्यक्रम निर्धारण हेतु बिलासपुर संभाग के अधिकारियों को समीक्षा बैठक हुई।

इस बैठक में खरीफ 2025 में धान के रकबे में कमी एवं फसल विविधीकरण, रबी 2024-25 की तुलना में क्षेत्राच्छादन में वृद्धि तथा रबी/ग्रीष्म (जायद) अल्पकालीन फसल ऋण वितरण में वृद्धि की रणनीति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अपात्र एफआरए एवं पीवीटीजी कृषक तथा अन्य संदिग्ध प्रकरण का समय सीमा में सत्यापन तथा समय सीमा में एग्रीस्टेक अंतर्गत पंजीयन की कार्ययोजना, रबी 2026-27 की संभावित बीज मांग के दृष्टिगत रबी 2025-26 में फसलवार बीज उत्पादन कार्यक्रम की कार्ययोजना, ऑयल पॉम के क्षेत्र विस्तार की कार्ययोजना, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण एवं प्रदर्शन में प्रयुक्त होने वाले बीजों की फसलवार, योजनावार दर तथा इनके वितरण में साथी पोर्टल के अनुप्रयोग इत्यादि महत्वपूर्ण बिदुंओं पर चर्चा की गई। बैठक में पशुधन विकास विभाग के योजनाओं की समीक्षा करते हुए पशु उपचार, पशु स्वास्थ्य रक्षा, पशुरोगों के विरुद्ध संपादित टीकाकरण, बधियाकरण, नमूना जांच, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम सहित अन्य विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश सम्भागीय पशुपालन अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को योजनाओं के प्रगति में निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी योजनाओं की प्रगति का भारत पशु धन पोर्टल में जानकारी प्रविष्टि का कार्य भी समय पर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने गौधाम योजना अंतर्गत गौठान चयन कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क दुर्घटना में मवेशियों के होने वालों मृत्यु को नियंत्रित करने हेतु भी प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा। इस हेतु अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों में अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बैठक में मत्स्य विभाग, उद्यानिकी, बीज विकास निगम विभागों के संबंधित केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं व उनके क्रियान्वयन पर क्रमवार चर्चा करते हुए योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। कृषि आयुक्त श्रीमती निगार ने जिले में पीएम धन धान्य योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ से जिले में कृषक कल्याण हेतु अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकते हैं। इस हेतु सभी विभागाध्यक्षों एवं विभागीय अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव देने के लिए कहा। उन्होंने जिले में एक मॉडल नर्सरी विकसित करने हेतु कलेक्टर को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

### डीएमएफ में कृषि है प्राइम सेक्टर : वसंत

कलेक्टर श्री वसंत ने बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि पीएम धन धान्य योजना अंतर्गत जिले में स्टोरेज या कोल्ड स्टोरेज निर्माण हेतु विभागो को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है। साथ ही छोटी-छोटी सिंचाई परियोजना विकसित करने स्थान चिन्हांकित कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि डीएमएफ में कृषि क्षेत्र प्राइम सेक्टर है, इस हेतु कृषक समृद्धि हेतु विभागीय आवश्यकताओं की पूर्ति डीएमएफ से निरंतर हो रही है। साथ ही जिले में उन्नत खेती को बढ़ावा देने, किसानों को फसल विविधीकरण, इंटर क्रॉपिंग फसल लेने एवं जैविक व नेचुरल खेती के लिए प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के लिए पंजीकृत किसानों का एग्री-स्टैक अंतर्गत पंजीयन अनिवार्य बताया गया। सभी जिलों को शेष लाभार्थियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने तथा संदिग्ध प्रकरणों का सत्यापन समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

## अब उद्यानिकी विभाग भी करेगा वाटर शेड निर्माण का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

वाटर शेड प्रोजेक्ट का काम अब उद्यानिकी विभाग भी करेगा। अब तक यह काम कृषि विभाग के अधीन हुआ करता था। इसके तहत सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए छोटे छोटे स्ट्रक्चर बनाकर खेतों में पानी रोकने का काम किया जाएगा ताकि ऐसे क्षेत्रों में जहां सिंचाई के साधन कम है उन क्षेत्रों में बारिश के पानी को रोककर जल स्तर बढ़ाया जा सके।

अब तक उद्यानिकी विभाग किसानों को सब्जी उत्पादन से जोड़ने के लिए सब्जी किट के वितरण के साथ उनको नई तकनीक से प्रशिक्षित करने का काम करता था। सिंचाई के लिए किसानों को सबमर्शिबल पंप का वितरण भी विभाग के द्वारा किया जाता था। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए विभाग के द्वारा अब जल संरक्षण पर भी काम करने की तैयारी चल रही है। वाटर शेड प्रोजेक्ट जो कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित है जिसके लिए केंद्र सरकार से फंड जारी होने के बाद जल संरक्षण के क्षेत्र में काम होता है। इन्हीं कामों से भी अब उद्यानिकी विभाग को जोड़ा जा रहा है जो कृषि विभाग का ही एक विभाग के रुप में काम करता है। दोनों विभागों के द्वारा जल संरक्षण के लिए वाटर शेड प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है। इसके लिए उद्यानिकी विभाग किसानों के उन खेतों को चिन्हांकित करेगा जिनके किसान सब्जी फसल को लेकर कार्य तो करते हैं किंतु इसके लिए उन्हें पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। वाटर शेड प्रोजेक्ट अंतर्गत खेतों के आसपास पानी रोकने के लिए छोटे छोटे स्ट्रेक्चर बनाकर बारिश के पानी को रोका जाएगा। इससे आसपास के क्षेत्रों में नमी फैलेगी जो सब्जी उत्पादन के लिए कामगार सिद्ध होगी।

### खास बातें

- फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए शुरू होगी योजना
- सब्जी उत्पादन का लक्ष्य लेकर किसानों को प्रशिक्षित करता है विभाग

### लोकल सब्जी के उत्पादन पर फोकस

जिले के ग्रामीण अंचलों में लोकल सब्जी के उत्पादन पर फोकस किया जा रहा है। बताया जाता है कि ऐसे क्षेत्रों में किसानों को चिन्हांकित किया जा रहा है जो धान की फसल लेने के बाद सब्जी का उत्पादन करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से सब्जी उत्पादन के लिए छोटे छोटे बोल्डर चेक डेम बनाकर खेतों को वर्षभर सब्जी उत्पादन के लिए तैयार किया जा रहा है और इस कार्य में विभाग को सफलता भी मिली है। बीते दो वर्ष से उद्यानिकी विभाग इसी योजना पर काम कर रहा है।

### इन क्षेत्रों में बढ़ रहा है सब्जी उत्पादन

कोरबा विकासखंड अंतर्गत गोढ़ी, बेंदरकोना, चाकामार, करमंदी, भुलसीडीह, डूमरडीह, मातमार, कोरकोमा, पसरखेत, बताती आदि क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से सब्जी उत्पादन तेजी से बढ़ा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में कैंप लगाकर किसानों को प्रशिक्षित भी किया था। इन क्षेत्रों से सब्जी की आवक लोकल मार्केट में तेजी से बढ़ी है।

### रामशरण ने रक्तदान करके समाज के लोगों को बताई जीवन जीने की राह



**हरदीबाजार।** समाज के लोगों को प्रेरित करने और रक्तदान करके सैकड़ों लोगों को नए जीवन जीने का राह दिखाते हुए विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम रेंकी निवासी रामशरण श्रीवास ने 23 वर्ष में 15 से ज्यादा बार रक्तदान करके और सैकड़ों लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया है। इन्होंने शासकीय ग्राम्य भारती विद्यापीठ हरदीबाजार के एमए भूगोल विभाग से अपना पढ़ाई को पूर्ण किया और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को छत्तीसगढ़ के अनेकों रक्तदान समूह केंद्र और रक्तदान शिविर में जाकर रक्तदान के माध्यम से सभी के दिलो में जगह बनाया है।

## जुआ खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** कटघोरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ढेलवाडीह क्षेत्र में दबिश देकर आधा दर्जन जुआरियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में कीर्तन प्रसाद साहू उम्र 61 वर्ष पिता स्व. भागीरथी साहू, स्वतंत्रता यादव उम्र 27 वर्ष पिता बिहारी लाल, इंदलसिह उम्र 36 वर्ष पिता स्व हरिसिह, कमलेश चौहान उम्र 28 वर्ष पिता फुलसाय चौहान, प्रतापसिंह उम्र 58 वर्ष पिता स्व मनोहरसिह, रिजवान खान उम्र 38 वर्ष पिता मजिगुल्ला शामिल हैं जिनके कब्जे से 1570 रूपये, 52 पत्ती ताश एवं एक बोरी को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत गिरफ्तार किया गया।

### 11 केवी तार की चोरी

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अन्नपूर्णा विहार निवासी कनिष्ठ अभियंता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 अक्टूबर की शाम 6 बजे से 27 अक्टूबर की सुबह 6 बजे के मध्य ग्राम औराकछार मरघट के पास 11 केव्ही लाईन का 3 फेस तार जिसकी लंबाई लगभग 4944 मीटर है तथा जिसकी कीमत लगभग 90 हजार 125 रूपये को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
प्लॉस्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रेक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानों की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## स्वामी आत्मानंद एवं कन्या शाला बालको में हुआ आयोजन

# साइबर सेल ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बच्चों को जानकारी देते साइबर सेल के पुलिस अधिकारी।

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं कन्या शाला स्कूल बालको में बुधवार को जिला साइबर सेल कोरबा द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला साइबर सेल के साइबर विशेषज्ञ डेमन ओग्रे रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से संपर्क न करने, ऑनलाइन बैंकिंग एवं इंटरनेट धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक उदाहरणों के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि इंटरनेट का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग कर ही वे स्वयं को और दूसरों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर बालको थाना के एसआई अजय सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि थोड़ी सी जानकारी के अभाव में लोग साइबर अपराध का शिकार बन जाते हैं। उन्होंने समझाया कि गलत संदेश भेजना, फोटो या वीडियो को एडिट कर वायरल करना, या किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना यह सभी कार्य साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं। ठाकुर ने विद्यार्थियों को ऐसे कृत्यों से दूर रहने और सतर्क रहने की सलाह दी।कार्यक्रम में आरक्षक अनिल साहू, राजेन्द्र यादव, गजेंद्र राजवाड़े, विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने साइबर सेल कोरबा की इस पहल की सराहना की और माना कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने में सहायक सिद्ध होंगे।